**आकाशवाणी गोरखपुर**
**प्रादेशिक समाचार**

दिनांक–**26 मई** 2026 **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने प्रदेश की 7 विभूतियों सहित देश भर के 66 लोगों को दिए पद्म पुरस्कार। वाराणसी की डॉ.एन. राजम को कला के क्षेत्र में पद्म विभूषण, जबकि प्रदेश के डॉ राजेंद्र प्रसाद सहित 6 अन्य लोगों को मिला पद्म श्री पुरस्कार।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कारागार विभाग और कृषि विभाग के कार्यों की समीक्षा की। जेलों को सुधार, पुनर्वास और कौशल विकास के प्रभावी केंद्र के रूप में विकसित करने का दिया निर्देश। जून माह से विकास खंडों में प्रस्तावित साप्ताहिक चौपाल के साथ किसान मेले लगाने पर दिया जोर।
- अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबीयो  ने आगरा पहुंच कर किया ताजमहल का दीदार। स्मारक की सुंदरता को जमकर सराहा।
- ग्राम पंचायतों के प्रशासक की भूमिका निभाएंगे निवर्तमान ग्राम प्रधान।

**********

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कल राष्ट्रपति भवन में आयोजित नागरिक अलंकरण समारोह में वर्ष दो हजार छब्बीस के लिए छाछठ जानी–मानी हस्तियों को पद्म पुरस्कारों से सम्मानित किया। इनमें से दो हस्तियों को पद्म विभूषण, छह को पद्म भूषण और अट्ठावन को पद्मश्री से सम्मानित किया गया। जाने–माने फिल्म अभिनेता धर्मेंद्र सिंह देओल को कला के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए मरणोपरांत पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया। वहीं वायलिन वादक और उत्तर प्रदेश से जुड़ी डॉ. एन. राजम को भी पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया। इसके अलावा अलग–अलग क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रदेश के 6 अन्य लोगों को पद्म श्री से सम्मानित किया गया। एक रिपोर्ट–

**उत्तर प्रदेश से 7 विभूतियों को पद्म पुरस्कार प्रदान किए गए। इनमें कला के क्षेत्र में डॉ. एन राजम को पदम विभूषण से सम्मानित किया गया। डॉ केवल कृष्ण ठकराल, डॉ राजेंद्र प्रसाद और डॉ. श्याम सुंदर को चिकित्सा, डॉ. अशोक कुमार सिंह को विज्ञान एवं इंजीनियरिंग, जॉ बुद्ध रश्मि मणि को पुरात्तव विज्ञान और प्रवीण कुमार को खेल के लिए पद्म श्री से सम्मान किया गया, शेष पद्म पुरस्कार समारोह के दूसरे चरण में प्रदान किये जायेंगे। समाचार कक्ष से शैलेन्द्र शर्मा।**

समारोह में उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह भी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिये पद्म पुरस्कार पाने वाली विभूतियों को शुभकामनाएं दी हैं।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ में कारागार विभाग की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने प्रदेश की जेलों को सुधार, पुनर्वास और कौशल विकास के प्रभावी केंद्र के रूप में विकसित करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आधुनिक तकनीक और सुधारात्मक गतिविधियों के माध्यम से कारागारों को नई पहचान दी जाए। उन्होंने 'ओपन जेल' की परिकल्पना को उपयोगी बताते हुए विशेष कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। श्री योगी ने पचहत्तर वर्ष से अधिक आयु के कैदियों, असाध्य रोगों से ग्रस्त बंदियों, बच्चों के साथ जेल में रह रही महिला बंदियों तथा जमानत राशि जमा न कर पाने वाले कैदियों की सूची तैयार करने के भी निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जेलों की सुरक्षा व्यवस्था से किसी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं होगा।

मुख्यमंत्री ने कल ही कृषि विभाग के कार्यों की भी समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने निर्देश दिया कि खरीफ–दो हजार छब्बीस की सभी तैयारियां समय से पूरी कर ली जाएं और किसानों को गुणवत्तापूर्ण बीज, उर्वरक और तकनीकी सहायता समय पर उपलब्ध कराई जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि बदलते मौसम और जलवायु परिस्थितियों को देखते हुए दलहन, तिलहन और श्रीअन्न की खेती को विशेष रूप से प्रोत्साहित किया जाए। साथ ही सूखा संभावित क्षेत्रों के लिए अग्रिम कार्ययोजना तैयार कर ली जाए और आवश्यकता पड़ने पर किसानों को वैकल्पिक फसलों के बीज उपलब्ध कराए जाएं।

श्री योगी ने जून माह से सभी विकास खंडों में प्रस्तावित साप्ताहिक चौपालों के साथ किसान मेले के भी आयोजन के निर्देश दिए, ताकि किसानों को योजनाओं, आधुनिक तकनीकों और प्रगतिशील खेती की जानकारी एक ही स्थान पर उपलब्ध हो सके।

**********

सर्वोच्च न्यायालय ने नीट परीक्षा में बार–बार हो रही चूक पर कल चिंता जताते हुए कहा कि यह खेदजनक है कि राष्ट्रीय परीक्षा जांच एजेंसी–एन.टी.ए. ने पिछले पेपर लीक विवाद से कोई सबक नहीं सीखा है। न्यायाधीश पी.एस. नरसिम्हा और आलोक अराधे की पीठ ने केंद्र सरकार, राष्ट्रीय जांच एजेंसी और केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरों से उन याचिकाओं पर जवाब मांगा है, जिनमें मेडिकल प्रवेश परीक्षा आयोजित करने के लिए राष्ट्रीय जांच एजेंसी की जगह किसी सशक्त और स्वायत्त संस्था को लाने की मांग की गई है।

**********

शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को पत्र लिखकर इक्कीस जून को होने वाली नीट–यूजी–दो हजार छब्बीस की पुनर्परीक्षा के सुरक्षित, सुचारू और सफल संचालन का आह्वान किया है। श्री प्रधान ने देशभर के सभी मुख्यमंत्रियों, उपराज्यपालों और प्रशासकों से इस संबंध में सहयोग मांगा है।

**********

अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबीयो ने कल आगरा पहुंचकर ताजमहल देखा। उनके साथ उनकी पत्नी और एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी मौजूद रहा। आगरा पहुँचने पर अमरीकी विदेश मंत्री का स्वागत जिलाधिकारी मनीष बंसल और पुलिस कमिश्नर दीपक कुमार ने किया। एक रिपोर्ट–

**अमेरिका के विदेश मंत्री मार्का रूबीयो ने करीब 40 मिनट तक ताजमहल का दीदार किया। ताजमहल भ्रमण के दौरान उन्होंने पत्नी के साथ डायना बैंच पर फोटो सेशन कराया। साथ ही गाइड से ताजमहल के इतिहास, निर्माण और पच्चीकारी के बारे में विस्तृत जानकारी ली। इस मौके पर उन्होंने स्मारक की खूबसूरती की जमकर प्रशंसा की। श्री रूबियो ने विजिटर बुक पर इस इमारत की खूबसबरती देखने का अवसर दिए जाने पर आभार जताया। सज्जन सागर आकाशवाणी समाचार आगरा।**

**********

प्रदेश सरकार ने निवर्तमान ग्राम प्रधानों को नई ग्राम पंचायतों के गठन तक अथवा अधिकतम छह महीने की अवधि के लिए ग्राम पंचायतों का प्रशासक नियुक्त किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशानुसार, सभी जिलाधिकारियों को ग्राम पंचायतों में निवर्तमान प्रधानों को प्रशासक के रूप में नामित करने का अधिकार दिया गया है। हमारे संवाददाता ने बताया कि प्रशासकों को केवल सामान्य और नियमित कार्य करने की अनुमति होगी। उन्हें कोई भी नीतिगत निर्णय लेने की अनुमति नहीं होगी। इस बीच, प्रदेश सरकार ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि किसी आपात स्थिति में या विशेष परिस्थितियों में कोई नीतिगत निर्णय लेना आवश्यक हो तो प्रस्ताव पर जिलाधिकारी की स्वीकृति आवश्यक होगी।

**********

केन्द्र सरकार ईंधन की आपूर्ति बनाए रखने के लिए हरसंभव कदम उठा रही है। सरकार के प्रयासों से देश में उर्वरक का भंडार भी बना हुआ है। पश्चिम एशिया संघर्ष पर कल नई दिल्ली में आयोजित अंतरमंत्रालयी संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बताया कि सरकार देश में पेट्रोलियम उत्पादों की सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है।

**फाईनरी प्रोडक्शन एलपीजी का इंक्रीज किया गया है। इट इज टचिंग अराउंड 50000 टन पर डे नाऊ। एलपीजी घरेलू कूकिंग गैस की सप्लाई के लिए लगभग पिछले चार दिनों में 1.72 करोड़ सिलेंडर्स की डिलीवरी की गई है और 95 प्रतिशत जो डिलीवरी हुई है वो डिलीवरी अथेंडिकेशन कोड के साथ की गई है।**

उर्वरक विभाग की अपर सचिव अपर्णा शर्मा ने बताया कि देश में उर्वरकों का भंडार संतोषजनक बना हुआ है।

**********

अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के प्रथम तल पर स्थापित राम परिवार की स्थापना की पहली वर्षगांठ पर आज वहां विशेष अनुष्ठान होंगे। एक रिपोर्ट–

**पिछले वर्ष गंगा दशहरे के मौके पर शेषावतार व परकोटा में बने 6 मंदिरों की स्थापना हुई थी, जिसकी पहली वर्षगांठ मनाई जाएगी। इस मौके पर राम मंदिर यज्ञशाला में विशेष धार्मिक अनुष्ठान संपन्न किया जाएगा। साथ ही भागवान राम के संपूर्ण परिवार को नए वस्त्र पहनाये जाएंगे और 56 भोग लगाए जाएंगे। इस अवसर पर बाल्मीकि रामायण का पारायण भी होगा। तन्मय सोनी, आकाशवाणी समाचार, अयोध्या।**

**********

कल पूरे प्रदेश में दिन भर की तेज धूप, भीषण गर्मी और लू के बीच रात में अचानक मौसम का मिजाज बदल गया। प्रदेश के गोरखपुर और अयोध्या सहित कई अन्य जिलों में बीती रात तेज आंधी के साथ हुई बारिश ने लोगों को फिलहाल भीषण गर्मी से राहत दे दी। हालांकि मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में आज भी लू चलने की आशंका बनी हुयी है। प्रचंड गर्मी और हीट स्ट्रोक के मामलों को देखते हुए अलग–अलग जिलों में स्थानीय स्तर पर जिला प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं।

**********